तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज	न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
	शैतान सिंह **बनाम** **लोक सूचना अधिकारी, (तहसीलदार शेरगढ़)** सू.अ.अपील संख्या–ऑनलाईन अपील संख्या 353039501957194	
27/03/26	अपीलार्थी शैतान सिंह निवासी प्लॉट नं. 15, गोपाल वाडी, गढ़ गोविन्द, चौपासनी, जोधपुर द्वारा लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार शेरगढ़) को सूचना का अधिकार के तहत प्रार्थना पत्र दिनांक 23.01.2026 प्रार्थी शैतान सिंह गोगादेव द्वारा तहसील कार्यालय शेरगढ में प्रस्तुत प्रार्थना पत्र ग्राम पंचायत खिरजा तिबना के गांव टिम्बड़ी के खसरा संख्या 57/1, 58/1 व 16 पर किये गये अवैध कब्जे को संपूर्ण रूप से हटवाने तथा दिनांक 10.11.2025 को इस संबंध में गलत रिर्पोर्ट पेश करने वाले हल्का पटवारी के खिलाफ कानूनी कार्यवाही करवाने से संबंधित दस्तावेज व अन्य विविध सूचना के लिए प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील में रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार शेरगढ़) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर रेस्पो. पक्ष अनुपस्थित एवं अपीलार्थी अनुपस्थित। रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार शेरगढ़) से आदिनांक तक तथ्यात्मक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई। अतः अपील स्वीकार की जाती है तथा लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार शेरगढ़) को निर्देशित किया जाता है कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना 15 दिवस के भीतर नियमानुसार उपलब्ध करावे, अन्यथा नहीं दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत कराया जावे। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (गौरव अग्रवाल) जिला कलक्टर, जोधपुर	

Signature valid
Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation: Collector & District Magistrate
Date: 2026.03.27 15:43:08 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.:
21282088